दिन–मंगलवार दिनांक– 01 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने के दिये निर्देश।

02. प्रदेश में बाढ़ की स्थिति गम्भीर बनी हुई है। सोलह जिलों की लगभग बारह लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित। राहत अभियान में वायु सेना शामिल हुई।

03. कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने विभागीय अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुये नुकसान की रिपोर्ट एक सप्ताह के अंदर देने का आदेश दिया।

04. और, राज्य सरकार प्रदेश में चल रहे भूमि सर्वेक्षण के लिए विशेषज्ञों की करेगी नियुक्ति।

————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। श्री कुमार के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में वायु सेना के हेलीकॉप्टरों के माध्यम से राहत सामग्री का वितरण शुरू कर दिया गया है। इस बीच, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने को कहा। श्री कुमार ने वैशाली में एक राहत शिविर का निरीक्षण कर बाढ़ प्रभावितों से उनका हाल–चाल जाना। इधर, केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आज सहरसा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लोगों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया। श्री पासवान ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार बाढ़ प्रभावितों को हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

–––बाईट–––

इधर, पूर्णियां के सांसद पप्पू यादव ने दरभंगा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर प्रभावित लोगों के बीच राहत सामग्री वितरित की।

————————————————————————————

प्रदेश में बाढ़ की स्थिति लगातार गम्भीर बनी हुई है। आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोलह जिलों के छिहत्तर प्रखंडों की तीन सौ अड़सठ पंचायतों की लगभग बारह लाख की आबादी बाढ़ की चपेट में है। राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की सोलह और एसडीआरएफ की चौदह टीमों को तैनात किया गया है। प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन की ओर से दो सौ नौ सामुदायिक रसोई घर संचालित किये जा रहे हैं। इसके अलावा चौबीस राहत शिविर का संचालन किया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दस बोट एम्बुलेंस का परिचालन कर लोगों तक

आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। प्रभावित क्षेत्रों में आठ सौ चालीस नाव का परिचालन किया जा रहा है। पशुओं के लिए भी पशु चारे और दवा की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। इधर, दरभंगा से हमारे संवाददाता ने बताया कि किरतपुर के भभोल गांव में कोसी नदी का तटबंध टूटने के बाद कई गांवों का जिला मुख्यालय से सड़क सम्पर्क भंग हो गया है।

———बाईट———

दरभंगा जिले के किरतपुर, कुशेश्वरस्थान पूर्वी और घनश्यामपुर प्रखंड के दर्जनों गांव पूरी तरह बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। सड़कों के क्षतिग्रस्त होने से बाढ़ प्रभावित गांवों का जिला मुख्यालय से सड़क सम्पर्क पूरी तरह बाधित हो गया है। इधर, जिले में कमला बलान नदी के बढ़ते जलस्तर के चलते नदी के पूर्वी तटबंध पर खतरा बढ़ गया है। वहीं, नदी के पश्चिमी तटबंध से पूरब की ओर बसे चार पंचायतों तक बाढ़ का पानी पहुंच चुका है। इस बीच, जिला प्रशासन की ओर से बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत और बचाव अभियान जारी है। आकाशवाणी समाचार के लिए दरभंगा से मणिकांत झा।

मधुबनी से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले का मधेपुर प्रखंड बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित है। जिले के जयनगर डोरवाड़ गांव जाने वाली सड़क बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो गयी है। इधर, मुजफ्फरपुर के औराई, कटरा और गायघाट प्रखंड के दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। शिवहर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति जस की तस बनी हुई है। इस बीच, सहरसा से हमारी संवाददाता ने बताया कि सहरसा–मानसी रेलखंड पर कोसी नदी का पानी बढ़ जाने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। समस्तीपुर डिविजन के एडीआरएम सुनील कुमार ने कोसी रेल ब्रिज का निरीक्षण कर स्थिति की समीक्षा की। इधर, सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया कि कोसी नदी के डिस्चार्ज में कमी आने के बावजूद बाढ़ प्रभावित इलाकों की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। जिले के पांच प्रखंड– सुपौल सदर, किशनपुर, निर्मली, सरायगढ़ भपटियाही और मरौना बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हैं। बेतिया से हमारे संवाददाता ने बताया कि बैरिया प्रखंड का मुख्य पीडी रिंग बांध ध्वस्त होने के बाद नये क्षेत्रों में बाढ़ का पानी फैल रहा है।

———बाईट———

पीडी बांध के ध्वस्त होने के बाद गंडक नदी का पानी पांच पंचायतों में फैल गया है। उतरी पटजिरवा, दक्षिणी पटजिरवा, सूर्यपूर, पखनाहा डुमरिया और मलाही बलुआ पंचायत के दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित निकाला जा रहा है। इस बीच, जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने बाढ़ग्रस्त इलाके में राहत सामग्री बांटने और कम्युनिटी किचेन शुरू करने का अधिकारियों को निर्देश दिया है। आकाशवाणी समाचार के लिये बेतिया से आशिष कुमार।

पूर्वी चम्पारण जिले के बाढ़ ग्रस्त इलाकों की स्थिति में भी कोई सुधार नहीं है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सुगौली और सिकरहना अनुमंडल बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हैं।

———बाईट———

जिले में गंडक नदी के साथ–साथ सिकरहना और दुधौरा नदी भी उफान पर है। सिकरहना नदी का पानी सिमरा के कपरसंडी, जनैरवा, गोगरी सरैह, मोखलिसपुर, सिसवनिया और मोहम्मदपुर में फैल गया है। लोग इन गांवों से सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर गये हैं। मोहम्मदपुर के पास नदी का पानी सड़क पर आ जाने से आवागमन बाधित हुआ है। भेला छपरा में बाढ़ का पानी सड़क पर आ जाने से भेला छपरा और मोखलिसपुर के बीच आवागमन बंद हो गया है। इधर, आदापुर में दुधौरा नदी के क्षतिग्रस्त तटबंध की मरम्मत का काम जारी है। आकाशवाणी समाचार के लिए मोतिहारी से आलोक कुमार।

इधर, गोपालगंज, सारण, सीवान, अररिया, किशनगंज, पूर्णियां, सीतामढ़ी और मधेपुरा जिले में भी बाढ़ की स्थिति पहले की तरह बनी हुई है।

————————————————————————————

कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने आज राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुये नुकसान को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। श्री पांडेय ने अधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर फसलों को हुई क्षति की रिपोर्ट जमा करने का आदेश दिया। श्री पांडेय ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में राज्य सरकार किसानों के साथ है। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग बाढ़ प्रभावित किसानों को वैकल्पिक फसलों का बीज निःशुल्क उपलब्ध करायेगा। आवश्यकता होने पर बची फसलों पर ड्रोन से कीटनाशक का छिड़काव करवाया जायेगा।

————————————————————————————

राज्य सरकार प्रदेश में चल रहे भूमि सर्वेक्षण के लिए विशेषज्ञों की नियुक्ति करेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। विशेषज्ञ भूमि सर्वे में आ रही दिक्कतों के समाधान के लिए उपाय सुझायेंगे। वहीं, कैबिनेट ने सीएनजी और पीएनजी पर वैट की दरों में कटौती के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सीएनजी पर आठ प्रतिशत और पीएनजी पर सात प्रतिशत वैट की राशि घटाई गयी है। कैबिनेट ने चौथे कृषि रोड मैप के लिए छह हजार दो सौ बारह करोड़ रूपये मंजूर किये हैं। एक अन्य फैसले में मंत्रिमंडल ने बिहटा में तीन सौ बेड वाले नये अस्पताल के निर्माण को मंजूरी दी। इसके अलावा राजगीर में आयोजित होने वाले एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप के लिए दस करोड़ रूपये मंजूर किये गये हैं। एक अन्य फैसले में राज्य मंत्रिमंडल ने ट्रक, बस, ऑटो रिक्शा और टैक्सी चालकों के लिए सीएम वाहन चालक कल्याण योजना के प्रस्ताव को मंजूरी दी। योजना के तहत चालकों को प्रशिक्षण, स्वास्थ्य सुविधाएं और जीवन बीमा का लाभ मिलेगा।

————————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राष्ट्रीय जनता दल पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नाम पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के हित में है।

———बाईट———

———————————————————————————————

और अब प्रस्तुत है स्वच्छता ही सेवा श्रृंखला के तहत आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज की कड़ी में कटिहार जिले से एक रिपोर्ट–

———बाईट———

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कटिहार रेलवे स्टेशन के पास रेलवे, पांच एकड़ भू–भाग पर अत्याधुनिक पार्क का निर्माण करा रही है। पहले यहां कचरे का अंबार लगा रहता था। कटिहार रेलमंडल के डीआरएम सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि लगभग डेढ़ करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले इस पार्क में बच्चों के खेलने कूदने से लेकर नौका विहार तक की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि पार्क का निर्माण वर्ष दो हजार पच्चीस तक पूरा कर लिया जाएगा

———बाईट———

कभी गंदगी कचरे के पहाड़ के रूप मे जाने जानेवाले इस जगह की तस्वीर बदलने वाली है। लोग अब यहां प्रकृति का आनंद ले सकेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी।

———————————————————————————————

प्रदेश के सभी जिलों में आज से यातायात से जुड़ी सीधी जानकारी के लिए मैप माई इंडिया ऐप की सुविधा शुरू हो गयी है। बिहार यातायात पुलिस के एडीजी सुधांशु कुमार ने बताया कि बिहार देश का चौथा राज्य है, जहां यह सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। उन्होंने बताया कि इस ऐप के जरिए ट्रैफिक से जुड़ी समस्याओं की जानकारी निःशुल्क उपलब्ध करायी जाएगी।

———————————————————————————————

सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाई कोर्ट के न्यायाधीश रूद्र प्रकाश मिश्र को पदभार ग्रहण करने की तिथि से वेतन और बकाये राशि के भुगतान का निर्देश राज्य सरकार को दिया है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने न्यायामूर्ति रूद्र प्रकाश मिश्र की याचिका पर सुनवाई करते हुये अंतरिम आदेश दिया।

———————————————————————————————

भागलपुर जिले के हबीबपुर थाना क्षेत्र के शाहजंगी मैदान में बम विस्फोट की घटना में सात बच्चे घायल हो गये। इनमें से तीन बच्चों को बेहतर इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

———————————————————————————————

उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने वाले राजेन्द्र सेतु के सड़क मार्ग पर मरम्मती कार्य के कारण आज रात दस बजे से कल सुबह छह बजे तक आवागमन बंद

रहेगा। इस दौरान एम्बुलेंस समेत अन्य आपातकालीन वाहनों का परिचालन जारी रहेगा।

———————————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो पटना द्वारा बक्सर में आयोजित तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम के दूसरे दिन आज वॉलीबॉल सद्भावना मैच का आयोजन किया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गयी।

———————————————————————————

अररिया की विशेष उत्पाद अदालत ने शराब तस्करी के एक मामले में दोषी मोहम्मद गुलाब को छह साल कारावास और एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————————

मधुबनी जिले कि बासोपट्टी थाना क्षेत्र के विराटपुर गाँव में बछराजा नदी में स्नान करने के दौरान डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने के दिये निर्देश।

02. प्रदेश में बाढ़ की स्थिति गम्भीर बनी हुई है। सोलह जिलों की लगभग बारह लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित। राहत अभियान में वायु सेना शामिल हुई।

03. कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने विभागीय अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुये नुकसान की रिपोर्ट एक सप्ताह के अंदर देने का आदेश दिया।

04. और, राज्य सरकार प्रदेश में चल रहे भूमि सर्वेक्षण के लिए विशेषज्ञों की करेगी नियुक्ति।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।